Cairns Regional COUNCIL

Copperlode Falls Dam आपातकालीन निकास संदर्शिका (एमर्जेंसी इवैक्यूएशन गाइड)

यह जानकारी रखें कि कहाँ जाना चाहिए



मेरी जानकारी

नाम: मैप नम्बर: पेज़ नम्बर:

प्रापर्टी का पता:

ध्यान दें: यह आपातकालीन निकास संदर्शिका बांध की दीवार गिरने की स्थिति में केवल प्रारम्भिक चेतावनी प्रणाली (एर्ली वार्निंग सिस्टम) द्वारा की जाने वाली घोषणाओं से सम्बन्धित है।

Copperlode Falls Dam की आपातकालीन कार्यवाही योजना

Copperlode Falls Dam के मालिक के तौर पर, और इसकी कानूनी आवश्यताओं के भाग के तौर पर, Cairns Regional Council ने आपातकालीन कार्यवाही योजना (Emergency Action Plan - EAP) तैयार की है – जो कि काउंसिल की वेबसाइट पर उपलब्ध है – उस परिस्थिति के लिए यदि बांध की दीवार गिर जाए और इससे प्रापर्टियों या मानव जीवन को नुकसान पहुँचने का खतरा हो। EAP यह विवरण देता है कि उन लोगों को सूचित करने के लिए क्या किया जाएगा जो बांध के ठीक नीचे की ओर रहते हैं और इसमें एक प्रारम्भिक चेतावनी प्रणाली शामिल है

प्रारम्भिक चेतावनी प्रणाली

प्रारम्भिक चेतावनी प्रणाली नौ **बाहरी चेतावनी स्टेशनों** (सायरनों) – बायीं ओर चित्रित - के द्वारा नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रयोग करती है। ये टावर पर लगाए गए स्पीकर हैं जिन्हें Crystal Cascades से लेकर Brinsmead तक पूरी Redlynch Valley तक स्थापित किया गया है।

ये स्टेशन स्वचालित चेतावनी संकेत पारित कर सकते हैं और सार्वजनिक उद्घोषणा तथा पहले से रिकॉर्ड वॉयस मैसेजिस के प्रयोग की क्षमता प्रदान करते हैं।

इसके अतिरिक्त निवासियों और आगंतुकों को रियल-टाइम चेतावनियाँ और सूचना टेक्स्ट मैसेजिस, फोन कॉल, रेडियो प्रसारण और सोशल मीडिया मैसेजिंग के द्वारा पारित की जाएगी (ध्यान दें: इनमें से कुछ चेतावनियाँ प्राप्त करने के लिए यह ज़रूरी है कि निवासियों ने इन्हें प्राप्त करने की 'सहमति' दी हो – विवरण के लिए **अतिरिक्त चेतावनियाँ**, विपरीत देखें)।

सायरन की आवाज़ें

बांध की दीवार गिरने की अत्यंत असंभाव्य घटना में, सायरन बजेगा और उसके बाद रिकॉर्ड किया हुआ वॉयस मैसेज सुनाई देगा:

एमर्जेंसी – एमर्जेंसी – अभी निकास करें – ऊँचे ज़मीनी क्षेत्र पर जाएँ

यह कोई मानक आपातकालीन चेतावनी संकेत नहीं है परन्तु बांध की दीवार गिरने की सूचना देने वाली एक विशिष्ट आवाज़ और संदेश है। इस चेतावनी को सुनने पर क्षेत्र के सभी निवासियों और आगंतुकों को तुरंत ही - इस संदर्शिका का प्रयोग करके - अपनी आपातकालीन निकास योजना को लागू करना चाहिए।

तुरंत कदम उठाएँ

यदि आपको निकास करने का नोटिस सुनाई देता है तो आपको **तुरंत ही जगह छोड़कर चले जाना** चाहिए और, यदि ऐसा करना सुरक्षित हो तो आपके द्वारा पहले से पहचान किए गए सुरक्षित स्थान पर **पैदल चलकर** जाना चाहिए – **गाड़ी न चलाएँ।**

आपको आपातकालीन निकास योजना की ज़रूरत क्यों है

आपातिक स्थिति की घटना में, अपनी-अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जिम्मेदारी हर किसी की अपनी-अपनी होती है।

Redlynch Valley और इसके आसपास के क्षेत्रों में निवासी और व्यापार के मालिकों को अपनी खुद की आपातकालीन निकास योजना तैयार करने, इसे सांझा करने और इसका अभ्यास करने के लिए इस संदर्शिका का प्रयोग करना चाहिए।

कौन से क्षेत्रों के प्रभावित होने की संभावना है?

हालाँकि बांध के टूटने की संभावना बहुत ही कम है, परन्तु परिणाम Crystal Cascades से लेकर Redlynch Valley से होते हुए Freshwater और Brinsmead (मैप पृष्ठ 3 देखें – प्रभावित क्षेत्र के मैप) सहित विस्तृत विशाल क्षेत्रों में गंभीर हो सकते हैं। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि यदि आप पहचान किए गए लाल क्षेत्र में रहते हैं, तो आप और आपके घर में रहने वाले सदस्य, संभावित खतरे को समझते हैं और यह जानते हैं कि यदि निकास का आदेश दिया जाता है तो क्या करना चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि उन्हें यह पता हो कि कहाँ जाना है।

लाल क्षेत्र में रहने वाले विकलांगता से ग्रस्त लोगों को अपनी व्यक्तिगत ज़रूरतों के लिए विशिष्ट कार्यवाहियों की चर्चा करने के लिए काउंसिल से संपर्क करने की सलाह दी जाती है।

मुझे कितना नोटिस दिया जाएगा?

सायरन क्षेत्र के निवासियों और आगंतुकों को केवल तभी चेतावनी देंगे यदि बांध के टूटने की घटना होने वाली हो या हो चुकी हो। सायरन की आवाज़ सुनने पर सबसे सुरक्षित कार्य **तुरंत कदम उठाना** और लाल क्षेत्र से दूर ऊँचे ज़मीनी क्षेत्र पर पहले से पहचान किए गए सुरक्षित स्थान पर **पैदल चलकर** जाना होता है।

बांध के टूटने की संभावना?

बांध के टूटने की संभावना बहुत कम है। बांध की संपूर्णता को सुनिश्चित करने के लिए काउंसिल ने उपाय बनाए हैं जिनमें विस्तृत निरीक्षण और जांच कार्यविधियाँ तथा रखरखाव के निरंतर कार्यक्रम शामिल हैं। यह निकास संदर्शिका केवल ऐसी अप्रत्याशित गैर-मौसमी घटना से सम्बन्धित है जो बांध की संपूर्णता को खतरे में डालती हो जैसे कि प्राकृतिक विपदा या आतंकवादी हमला।

अतिरिक्त चेतावनियाँ

Cairns Regional Council SMS, ई-मेल और वॉयसमेल के माध्यम से चेतावनियाँ और संकट सूचना जारी करने के लिए संचार प्लेटफॉर्म के तौर पर 'Cairns Alert' का भी प्रयोग करती है। आपातकालीन चेतावनियों के लिए निवासियों के विवरण काउंसिल के रेट्स डाटाबेस से प्राप्त किए जाते हैं।

निवासी 'Cairns Alert' सिस्टम में भी 'अपना नाम' दे सकते हैं जो स्थानीय विपदाओं, गंभीर मौसम और आपातकालीन घटनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए टेक्स्ट मैसेजिस (SMS) और ई-मेल का प्रयोग करता है। ये चेतावनियाँ विपदाओं के लिए सामुदायिक प्रतिक्रिया का प्रबंध करने वाले स्थानीय विपदा प्रबंधन समूह से आने वाली आधिकारिक संचार होती हैं।

CRC डिसास्टर मैनेजमेंट disaster.cairns.qld.gov.au पर एक Cairns डिसास्टर मैनेजमेंट डैशबोर्ड भी उपलब्ध कराता है जो काउंसिल के वेबपेज़ सूचना गेटवे के माध्यम से विपदा संबंधी समाचार प्रदान करता है।

महत्वपूर्ण टिप्पणी

निकास चेतावनियाँ केवल उसी परिस्थिति में दी जाएँगी यदि Copperlode Falls Dam की दीवार बिना चेतावनी दिए टूट जाती है या इस बात की बहुत संभावना हो कि निकट भविष्य में बांध टूट जाएगा।

अभी अपने निकास मार्ग पर निशान लगाएँ

इन चरणों का अभी अनुसरण करने से चेतावनी प्रणाली की आवाज़ आने पर आपको समय की बचत होगी।

चरण 1 मैप 1-10 पर अपनी प्रापर्टी का पता लगाएँ

- [ ] इस मैप पर अपनी प्रापर्टी पर साफ-साफ निशान लगाएँ।

चरण 2 यदि आपकी प्रापर्टी लाल क्षेत्र में है

- [ ] लाल क्षेत्र के बाहर किसी ऐसे स्थान पर निशान लगाएँ जहाँ आप निकास करेंगे – यह आपका सुरक्षित स्थान होगा। यह आपकी प्रापर्टी से किसी ऊँचे क्षेत्र पर होगा और अधिकांश स्थितियों में हो सकता है कि यह केवल एक या दो स्ट्रीट ही दूर हो। यह पैदल चलकर आसानी से पहुँचने में सुलभ होना चाहिए।
- [ ] यह सुनिश्चित करें कि आपके सुरक्षित स्थान तक निकास मार्ग नदियों-नालों आदि सहित किन्हीं संभावित खतरों से साफ है। इस मार्ग पर पैदल चलने का अभ्यास करें।
- [ ] मैप पर किसी वैकल्पिक/दूसरा सुरक्षित स्थान और निकास मार्ग की पहचान करें और इसपर निशान लगाएँ ताकि यदि पहला स्थान असुलभ हो जाए तो इस दूसरे स्थान प्रयोग किया जा सके।

चरण 3 यदि आपकी प्रापर्टी लाल क्षेत्र में नहीं पर इसके नज़दीक है

- [ ] यदि आपको लगे कि आपको लाल क्षेत्र से दूर ऊँची ज़मीनी क्षेत्र पर जाने की ज़रूरत है तो इस बात पर विचार करें कि आप कहाँ जाएँगे और मैप पर इस स्थान पर निशान लगाएँ।
- [ ] यह सुनिश्चित करें कि इस स्थान तक मार्ग नदियों-नालों सहित संभावित खतरों से साफ है। इस स्थान पर पहुँचने के लिए आप जो मार्ग लेंगे, मैप पर उस मार्ग का निशान लगाएँ। इस मार्ग पर पैदल चलने का अभ्यास करें।

इकट्ठे होने के स्थान

मैप्स पर इकट्ठे होने के स्थानों की पहचान की गई है। ये स्थान आपके द्वारा पहचान किए गए सुरक्षित स्थानों की जगह नहीं लेते हैं परन्तु ये लाल क्षेत्र के बाहर होते हैं जहाँ लोग इकट्ठा हो सकते हैं और जहाँ आपातकालीन सेवाएँ तात्कालिक खतरे की आशंका के गुजर जाने के बाद सहायता प्रदान कर सकती हैं। आपको इकट्ठे होने के स्थानों पर केवल तभी जाना चाहिए जब आपातकालीन सेवाओं ने या प्रारम्भिक चेतावनी प्रणाली से ऐसा करने की सूचना मिली हो। यदि आपके सबसे करीबी इकट्ठा होने के स्थान तक पहुँच संभव नहीं है तो आप जहाँ हैं, वहीं बने रहें।

अधिक सलाह के लिए सुनें या सहायता के लिए 000 पर फोन करें।

REDLYNCH VALLEY मैप



प्रभावित क्षेत्र के मैप

मैप 1	Crystal Cascades
मैप 2	Gamburra Drive Park
मैप 3	Currunda Creek
मैप 4	Big4 Holiday Park
मैप 5	Redlynch Central
मैप 6	Freshwater Christian College
मैप 7	Redlynch Park - Red Beret Hotel
मैप 8	Redlynch Park - Freshwater Connection
मैप 9	Barron River - Lower Freshwater Road
मैप 10	Barron River - Freshwater Connection

लाल क्षेत्र से बाहर आने वाले स्थान फिर भी प्रभावित हो सकते हैं।

यदि आपका घर या व्यापार लाल क्षेत्र में कहीं भी या इसके नज़दीक स्थित है, तो Copperlode Falls Dam की आपातकालीन निकास योजना को क्रियाशील किए जाने की स्थिति में आपको तैयार रहना चाहिए और यह पता होना चाहिए कि ऐसी स्थिति में आपको क्या करना है।

तैयार रहें और यह जानकारी रखें कि कहाँ जाना है

इस योजना की चर्चा अपने परिवार और घर में रहने वाले सदस्यों के साथ करनी और इसे उनके साथ सांझा करना हर किसी की सुरक्षा के लिए अत्यावश्यक है। अभी प्रस्तावित निकास मार्ग पर पैदल जाने के लिए समय निकालें, ताकि हर किसी को ठीक से यह पता रहे कि उन्हें कहाँ जाना है, इससे आपातिक स्थिति में समय की बचत होगी।

निकास की स्थिति में

सायरन की आवाज़ सुनाई देने पर, **तात्कालिक कदम उठाएँ** और पहले पहचान किए गए सुरक्षित स्थान पर **पैदल चलकर जाएँ**। तब तक अपने उच्च ज़मीनी स्थान पर रहें जब तक कि आपको यह सूचित न किया जाए कि वहाँ से निकल जाना सुरक्षित है। हो सकता है कि आपकी प्रापर्टी पर लौटना सुरक्षित न हो। यदि आपको सहायता की ज़रूरत है, और ऐसा करना सुरक्षित है, तो किसी पहचान किए गए **इकट्ठा होने के स्थान** (पृष्ठ 2 देखें) तक जाएँ। बाढ़ वाले क्षेत्रों से दूर रहें भले ही आपको उन क्षेत्रों की अच्छी जानकारी हो।

सुनते रहें

प्रारम्भिक चेतावनी प्रणाली के द्वारा प्रसारित किए गए अधिक मैसेजिस सुनें। निकास के दौरान और इसके पश्चात लोकल रेडियो, TV, वैबसाइट्स और सोशल मीडिया पर और अधिक जानकारी प्रसारित की जाएगी। CRC डिसास्टर कॉर्डिनेशन सेंटर के माध्यम से Emergency Services Queensland द्वारा सलाह और निर्देश जारी किए जाएँगे। यदि आपको सहायता की ज़रूरत हो तो इसकी मांग करें (पिछले पृष्ठ पर **आपातकालीन संपर्क** देखें)।

मैप 1 CRYSTAL CASCADES

मैप 2 GAMBURRA DRIVE PARK

मैप 3 CURRUNDA CREEK

मैप 4 BIG4 HOLIDAY PARK



मैप 5 REDLYNCH CENTRAL



मैप 6 FRESHWATER CHRISTIAN COLLEGE



मैप 7 REDLYNCH PARK - RED BERET HOTEL



लेजेन्ड

- बाहरी चेतावनी स्टेशन
- संदर्भ स्थान
- लाल क्षेत्र
- इकट्ठे होने का स्थान
- इकट्ठे होने के स्थान तक पहुँचने के लिए सुझाया गार्म

मैप 8 REDLYNCH PARK - FRESHWATER CONNECTION



मैप 9 BARRON RIVER - LOWER FRESHWATER ROAD



मैप 10 BARRON RIVER - FRESHWATER CONNECTION



▼ मैप 8 से जुड़ता है ▼

Cairns Regional COUNCIL

PO Box 359 QLD 4870
1300 69 22 47
council@cairns.qld.gov.au
www.cairns.qld.gov.au

आपातकालीन संपर्क

पुलिस फॉयर ऐम्बुलेंस केवल आपातिक-स्थितियाँ	**000**
राज्य आपातकालीन सेवा (स्टेट एमर्जेंसी सर्विस - SES)	**13 25 00**
Ergon Energy बिजली संबंधी आपातिक-स्थितियों और तात्कालिक खतरनाक स्थितियों के लिए	**13 22 96**
सड़क और यातायात संबंधी परिस्थितियाँ (TMR)	**13 19 40**
स्वास्थ्य एवं अस्पताल संबंधी जानकारी (QH)	**13 HEALTH** **(13 43 25 84)**
जल आपूर्ति आपातिक-स्थितियाँ (CRC)	**1300 69 22 47**
गैर-आपातिक स्थितियाँ	पुलिस: **13 14 44** ऐम्बुलेंस: **13 12 33**

काउंसिल के संपर्क

उपभोक्ता सेवा केन्द्र	**1300 69 22 47**
डिसास्टर कॉर्डिनेशन सेंटर	**4044 3377**

CAIRNS डिसास्टर डैशबोर्ड

www.disaster.cairns.qld.gov.au

और अधिक जानकारी

www.cairns.qld.gov.au/copperlodeEAP

अस्वीकरण टिप्पणी: हालाँकि इस डाटा की सटीकता को सुनिश्चित करने के लिए हर प्रकार से ध्यान रखा गया है, Cairns Regional Council किसी विशेष प्रयोजन के लिए इससकी सटीकता, विश्वसनीयता, संपूर्णता या उपयुक्तता के बारे में कोई अभिवेदन या वारंटी नहीं देती है और किसी भी प्रकार में या किसी भी कारण से डाटा के गलत या अपूर्ण होने के फलस्वरूप आपको हुई लागत, नुकसान, हानि (इसमें अप्रत्यक्ष या परिणामी क्षति शामिल है) और खर्च के लिए हर प्रकार की जिम्मेदारी और संपूर्ण दायित्व को अस्वीकार करती है (इसमें सीमाओं के बिना, अवहेलना में दायित्व शामिल है)।